(i) Printed Pages : 3 Roll No. ..................................

(ii) Questions : 4 **Sub. Code : | 0 | 4 | 0 | 5 |**

**Exam. Code : | 0 | 0 | 0 | 5 |**

**B.A./B.Sc. (General) 5th Semester**

**(2122)**

**HINDI**

**Paper : Elective**

**Time Allowed : Three Hours]** **[Maximum Marks : 90**

नोट :— सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। निर्देशानुसार उत्तर दीजिए। भाषा की शुद्धता का ध्यान रखें।

1. (क) निम्नलिखित में से किन्हीं दो पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या करें :—

(i) भर गया ऐसा हृदय दुख-दर्द से,
फेन या बुदबुद नहीं उसमें उठा।
खींचकर उच्छ्‌वास बोले सिर्फ वे
'पार्थ, मैं जाता पितामह पास हूँ।'
और हर्ष-निनाद अन्तः शून्य-सा
लड़खड़ाता मर रहा था वायु में।

(ii) है मृषा तेरे हृदय की कल्पना,
युद्ध करना पुण्य या दुष्पाप है,
क्योंकि कोई कर्म है ऐसा नहीं,
जो स्वयं ही पुण्य हो या पाप हो।

(iii) तीन दिवस तक पंथ मांगते

रघुपति सिंधु-किनारे,

बैठे पढ़ते रहे छंद

अनुनय के प्यारे-प्यारे।

उत्तर में जब एक नाद भी

उठा नहीं सागर से,

उठी अधीर धधक पौरुष की

आग राम के शर से।

(iv) कहीं था जल रहा कोई किसी की शूरता से।

कहीं था क्षोभ में कोई किसी की क्रूरता से।

कहीं उत्कर्ष ही नृप का नृपों को सालता था।

कहीं प्रतिशोध का कोई भुजंगम पालता था। $2 \times 6 = 12$

(ख) कुरुक्षेत्र के आधार पर भीष्म पितामह का चरित्र-चित्रण कीजिए।

**अथवा**

कुरुक्षेत्र खण्डकाव्य की मूल संवेदना पर प्रकाश डालिए। 15

2. (क) महाकाव्य और खण्डकाव्य में अंतर कीजिए।

**अथवा**

गीतिकाव्य का स्वरूप निश्चित करते हुए उसकी प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। 15

(ख) जीवनी के विभिन्न तत्वों पर प्रकाश डालिए।

**अथवा**

संस्मरण के विभिन्न तत्वों पर प्रकाश डालिए। 15

3. निम्नलिखित अलंकारों में से किन्हीं **तीन** अलंकारों की परिभाषा देकर उन्हें सोदाहरण स्पष्ट करें :—

(i) यमक

(ii) श्लेष

(iii) उपमा

(iv) उत्प्रेक्षा

(v) वक्रोक्ति

(vi) विरोधाभास। $3 \times 6 = 18$

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :—

(i) कुरुक्षेत्र में प्रमुख रूप से किस-किस समस्या की निंदा की गयी है ?

(ii) कुरुक्षेत्र में भीष्म पितामह को मानवतावादी क्यों माना जा सकता है ?

(iii) युद्ध जीत कर भी युधिष्ठिर परेशान क्यों था ?

(iv) गीतिकाव्य में संगीतात्मकता का क्या महत्व है ?

(v) आचार्य भामह ने काव्य की क्या परिभाषा दी है ?

(vi) महाकाव्य में नायक कैसा होना चाहिए ? $3 \times 5 = 15$